प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा

सत्र - 2021-22

विषय - विज्ञान

समय - 2 घंटे 30 मिनट | कक्षा - 8 | पूर्णांक - 80 अंक

निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

खण्ड - अ | अंक भार - 2

प्र.1. निम्न में से कौन सा प्रति जैविक है ? 2.

अ. सोडियम बाई कार्बोनेट ब. स्ट्रेप्टोमाइसिन

स. एल्कोहल द. यीस्ट

प्र.2. निम्नलिखित में से किसको पीट कर पतली पतली चादरों में परिवर्तित किया जा सकता है ? 2.

अ. जिंक ब. फॉस्फोरस

स. सल्फर द. ऑक्सीजन

प्र.3. निम्न में से कौन सा जीवाश्म ईंधन है ? 2.

अ. कोयला ब. पेट्रोलियम

स. प्राकृतिक गैस द. उपर्युक्त सभी

प्र.4. आंतरिक निषेचन होता है ? 2.

अ. मादा के शरीर में ब. मादा के शरीर के बाहर

स. नर के शरीर में द. नर के शरीर के बाहर

प्र.5. चार बच्चों को लोटनिक, स्थैतिक तथा सर्पी घर्षण के कारण बलों को घटते क्रम में व्यवस्थित करने को कहा गया। इसकी व्यवस्था नीचे दी गई है, सही व्यवस्था का चयन कीजिए। 2.

अ. लोटनिक, स्थैतिक तथा सर्पी ब. सर्पी, स्थैतिक तथा लोटनिक

स. स्थैतिक, सर्पी तथा लोटनिक द. सर्पी, स्थैतिक तथा लोटनिक

प्र.6. ध्वनि संचरित हो सकती है : 2.

अ. केवल वायु या गैसों में ब. केवल ठोसों में

स. केवल द्रव्यों में द. ठोसों, द्रव्यों और गैसों में

प्र.7. दो द्रव्यों A तथा B के विद्युत चालक की जांच करने के लिए एक संपरीक्षित्र का प्रयोग किया गया। यह देखा गया कि संपरीक्षित्र का बल्ब द्रव्य A के लिए चमकीला दीप्त हुआ जबकि द्रव्य B के लिए अत्यंत क्षीण दीप्त हुआ। आप निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि 2.

अ. द्रव्य A, द्रव्य B से ज्यादा चालक है।

ब. द्रव्य B, द्रव्य A से ज्यादा चालक है।

स. दोनों द्रव्यों की चालकता समान है।

द. द्रव्यों की चालकता के गुणों की तुलना इस प्रकार नहीं की जा सकती।

प्र.8. निम्न लिखित में से किसे घर्षण द्वारा आसानी से आवेशित नहीं किया जा सकता ? 2.

अ. प्लास्टिक का पैमाना ब. तांबे की छड़

स. फुला हुआ गुब्बारा द. ऊनी वस्त्र

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो

प्र.9. सूर्य से सबसे अधिक दूरी वाला ग्रह.....है। 2

प्र.10. एक स्थान पर एक ही प्रकार के बड़ी मात्रा में उगाए गए पौधों को.....कहते हैं ? 2

प्र.11. संश्लेषित रेशे.....अथवा.....रेशे भी कहलाते हैं। 2

प्र.12. सोडियम और पोटेशियम को मिट्टी के तेल में क्यों रखा जाता है। 3

प्र.13. सूक्ष्म जीवों के मुख्य वर्ग कौन-कौन से हैं। 3

प्र.14. रेड डाटा पुस्तक क्या है। 3

प्र.15. कायांतरण किसे कहते हैं। 3

प्र.16. क्या शुद्ध जल विद्युत का चालन करता है, यदि नहीं तो इसे चालक बनाने के लिए हम क्या कर सकते हैं ? 3

प्र.17. तड़ित से अपनी सुरक्षा के तीन उपाय सुझाइये। 3

प्र.18. तारों के बीच की दूरियों को प्रकाश वर्ष में क्यों व्यक्त करते हैं, इस कथन से क्या तात्पर्य है। 3

प्र.19. पौधों पर प्रभाव का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए। 5

प्र.20. स्पष्ट कीजिए, उरर्वक कवाद से किस प्रकार भिन्न है ? 5

प्र.21. थर्मो प्लास्टिक तथा थर्मो सेटिंग प्लास्टिक के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। 5

प्र.22. वर्णन कीजिए, मृत वनस्पति से कोयला किस प्रकार बनता है। 5

प्र.23. फैक्ट्रियों एवं आवास की मांग की आपूर्ति हेतु वनों की अनवरत कटाई हो रही है। क्या इन परियोजनाओं के लिए वृक्षों की कटाई न्यायसंगत है। इस पर चर्चा कीजिए तथा संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कीजिए। 5

प्र.24. (अ) समझाइए, जीवाश्म ईंधन समाप्त होने वाले प्राकृतिक संसाधन क्यों हैं।

(ब) शुद्ध वायु तथा प्रदूषित वायु में अंतर स्पष्ट कीजिए। 7

प्र.25. (अ) कोरोना वायरस बीमारी 2019 (कोविड-19) क्या है।

(ब) कोरोना वायरस बीमारी 2019 (कोविड-19) का संक्रमण किस प्रकार होता है। 7